# केवल मूल्यांकन हेतु

| PAPER CODE | 6 | 0 | 1 | 1 |
|---|---|---|---|---|
| **STUDENT CODE** | | | | |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1A | | 1I | | 4A | | 8C | | 12B | | | |
| 1B | | 1J | | 4B | | 9A | | 12C | | | |
| 1C | | 2A | | 5 | | 9B | | 13 | | | |
| 1D | | 2B | | 6 | | 10 | | 14 | | | |
| 1E | | 2C | | 7A | | 11A | | 15 | | | |
| 1F | | 2D | | 7B | | 11B | | | | | |
| 1G | | 3A | | 8A | | 11C | | | | | |
| 1H | | 3B | | 8B | | 12A | | TOTAL | | | |

केन्द्राध्यक्ष
हस्ताक्षर एवं सील
दिनांक :

हस्ताक्षर
मूल्यांकनकर्त्ता
दिनांक :

विषय कोड–6011

# राज्य स्तरीय आकलन (SLA)

सत्र 2018–19

कक्षा – 6

विषय – हिन्दी

समय – 02:30 घंटे　　　　पूर्णांक – 100

अनुक्रमांक (अंकों में) ................................ (शब्दों में) ..............................................

परीक्षार्थी का नाम ..............................................शाला का नाम ...................................

हस्ताक्षर निरीक्षक ............................................. हस्ताक्षर जाँचकर्त्ता ...........................

प्राप्तांक (अंकों में) .............................................. (शब्दों में) .......................................

---

निर्देश :– सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

प्रश्न 1. (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए –　　　　(1 × 10 = 10 अंक)

i. 'पेट पालना' मुहावरे का अर्थ है–

(अ) सहारा देना

(ब) गुजारा करना

(स) मद्द करना

(द) पालन करना

उत्तर ..........................................................................................................

ii. 'तरकीब' का शब्दार्थ है–

(अ) नियुक्ति

(ब) नियोजन

(स) उपाय

(द) योजना

उत्तर ..........................................................................................................

iii. 'बेटा' का पर्यायवाची शब्द है–

(अ) लड़का

(ब) औलाद

(स) बच्चा

(द) पुत्र

उत्तर ........................................................................................................................

iv. 'जनम' का तत्सम रूप है–

(अ) जन्म

(ब) जनम्

(स) आर्विभाव

(द) उदय

उत्तर ........................................................................................................................

v. 'प्रतिदिन' शब्द में उपसर्ग है–

(अ) प्र

(ब) ति

(स) प्रति

(द) अन्

उत्तर ........................................................................................................................

vi. 'प्रशंसा करने वाला' के लिए एक शब्द है–

(अ) प्रचारक

(ब) प्रशंसक

(स) प्रसिद्ध

(द) प्रबोधक

उत्तर ..........................................................................................................

vii. 'साधारण' का विलोम शब्द है–

(अ) आसान

(ब) असाधारण

(स) सरल

(द) अलग

उत्तर ..........................................................................................................

viii. ''वह आए तो मैं जाऊँ'' वाक्य का काल पहचानिए –

(अ) भूतकाल

(ब) वर्तमान काल

(स) भविष्यकाल

(द) अद्यतन काल

उत्तर ..........................................................................................................

ix. 'रात में मैंने भोजन किया और पढ़ने बैठ गया' वाक्य है–

(अ) साधारण वाक्य

(ब) मिश्र वाक्य

(स) संयुक्त वाक्य

(द) सकारात्मक वाक्य

उत्तर ...............................................................................................................

x. 'चिता–चीता' शब्द उदाहरण हैं–

(अ) देशज–विदेशज शब्द

(ब) विकारी–अविकारी शब्द

(स) युग्म–शब्द

(द) तत्सम–तद्‌भव

उत्तर ...............................................................................................................

प्रश्न 2. सत्य/असत्य लिखिए– (1 ×4 = 4 अंक)

(i) बूढ़े काका के प्रति सबके मन में स्नेह और सम्मान की भावना नहीं थी। (     )

(ii) अंगद को अपने नाम की परवाह नहीं थी। (     )

(iii) मीर मुंशी साहब की पत्नी को बुखार नहीं था। (     )

(iv) खड्‌गसिंह उस इलाके का कुख्यात डाकू था। (     )

**प्रश्न 3.** नीचे लिखे शब्दों में प्रत्यय और उपसर्ग दोनों हैं। उन्हें अलग कीजिए–

| | उपसर्ग | प्रत्यय | |
|---|---|---|---|
| (i) अपमानित | ......................... | ......................... | (2 अंक) |
| (ii) अभिमानी | ........................... | ........................... | (2 अंक) |

**प्रश्न 4.** निम्न कथन किसने, किससे कहा ? लिखिए – (2 ×2 = 4 अंक)

(i) ʻʻ उसकी चाल तुम्हारा मन मोह लेगी। ʼʼ

(ii) ʻʻ अब कोई गरीबों की सहायता से मुँह न मोड़ेगा। ʼʼ

उत्तर (i) ..........................................................................................................................................

(ii) ..........................................................................................................................................

**प्रश्न 5** अपने परिवेश में प्रचलित कोई भी दो हाना अर्थ सहित लिखिए। (1 ×4 = 4 अंक)

उत्तर ..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

**प्रश्न 6.** छत्तीसगढ़ के और क्या–क्या नाम हैं? उड़ीसा राज्य की सीमा से लगने वाले छत्तीसगढ़ राज्य के कोई दो जिलों के नाम लिखिए। (2 ×2 = 4 अंक)

उत्तर ..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

**प्रश्न 7.** निम्न वाक्यों में अशुद्धि को रेखांकित कीजिए और शुद्ध करके लिखिए –

(2 × 2 = 4 अंक)

(i) उसे भारी दुख हुआ।

(ii) उसने अनेकों ग्रंथ लिखे।

उत्तर (i) ..............................................................................................................................

(ii) ..............................................................................................................................

**प्रश्न 8.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

लोगों को आश्चर्य होता यह देखकर कि गाँव का यह स्वस्थ–प्रसन्न युवक इतना आलसी क्यों है ? बात किसी की समझ में न आती। कभी कोई पड़ोसी उसकी पत्नी से कहता कि अब यदि घर आए तो उसे भोजन न देना। कभी उसके लिए दरवाजा बंद रखने की तरकीब की जाती, परंतु अंगद पर उसका भी कुछ असर न होता। न वह

जेठ में सूखता और न भादों में हरा होता। किसी ने उसे काम पर बुलाया तो ठीक और न बुलाया तो ठीक। न किसी से राम–रमौबल, न किसी से दुश्मनी। बस अंगद अंगद,ही था।

(i) उपरोक्त गद्यांश को पढ़कर कोई एक कहावत (लोकोक्ति) को छाँटिए और अर्थ लिखिए। (2 अंक)

उत्तर ..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

(ii) 'गाँव का यह स्वस्थ–प्रसन्न युवक इतना आलसी क्यों है ? इस प्रश्नवाचक वाक्य को साधारण वाक्य में बदलिए। ( 2 अंक)

उत्तर ..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

(iii) लोगों को कौन–सी बात समझ न आती थी ? ( 2 अंक)

उत्तर ..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

**प्रश्न 9**(i) दिए गए दोहे के रचयिता का नाम लिखकर भावार्थ स्पष्ट कीजिए– (2 ×2 = 4अंक)

'' काल करै सो आज कर, आज करै सो अब।

पल में परलय होयगी, बहुरि करेगा कब।।

उत्तर ..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

(ii) दिए गए दोहे को पूर्ण कीजिए– ( 2 अंक)

अति का भला न बोलना, अति की भली न चूप।

.......................................................................... ।।

**प्रश्न 10.** निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और रिक्त स्थानों की पूर्ति नीचे दिए गए शब्दों की सहायता से कीजिए–

बाबा भारती एक छोटे–से मंदिर........................रहते थे। सुल्तान नामक घोड़े ......................
..वे बहुत चाहते थे। उसी क्षेत्र में खड़गसिंह.......................रहता था। वह घोड़ा देखने के लिए बाबा ........................के पास पहुँचा। उसने बाबा भारती से ..................''मैं यह घोड़ा आपके पास नहीं .................दूँगा। '' (भारती / रहने / भी / को / में / कहा )

**प्रश्न 11.** दी गई कहानी को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1 ×6= 6अंक)

बात 1890 के आस–पास की है। एक गाँव में एक लड़का रहता था। उसके घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। उसके मन में विचार आया किसी बड़े शहर में जाकर नौकरी करे। वह कलकत्ता गया और नौकरी ढूंढने लगा। बहुत खोज के बाद उसे एक सेठ के घर नौकरी मिल गयी। नौकरी छः आने रोज़ की थी। काम था सेठ को रोज़ 4 घंटे अख़बार और किताब पढ़कर सुनाना। लड़के को नौकरी की जरूरत थी तो उसने वह नौकरी स्वीकार कर ली।

एक दिन की बात है, लड़के को दुकान के कोने में 100–100 के 8 नोट पड़े मिले। उसने चुपचाप उन्हें अख़बार और किताबों से ढ़क दिया। दूसरे दिन रूपयों की खोजबीन हुई। लड़का सुबह जब दुकान पर आया तो उससे पूछा गया। लड़के ने तुरंत ही प्रसन्नता से रूपये निकालकर ग्राहक को दे दिए। वह बहुत ही खुश हुआ। लड़के की ईमानदारी से सबको बहुत प्रसन्नता हुई।

सेठ भी लड़के से बहुत खुश हुआ। सेठ ने लड़के को पुरस्कार देना चाहा तो लड़के ने लेने से मना कर दिया। लड़के ने कहा सेठ जी मैं आगे पढ़ना चाहता हूँ। पर पैसों के अभाव से पढ़ नहीं पा रहा। आप कुछ सहायता कर दें।

सेठ ने लड़के की पढ़ाई का प्रबन्ध कर दिया। लड़का बहुत मेहनत से पढ़ता गया। यही लड़का आगे चलकर बहुत बड़ा साहित्यकार बना। नाम था– राम नरेश त्रिपाठी। हिंदी साहित्य में इनका बहुत बड़ा योगदान है।

(अ) 'ईमानदारी' शब्द का वाक्य में प्रयोग कीजिए। ( 2 अंक)

उत्तर .......................................................................................................................................

.......................................................................................................................................

.......................................................................................................................................

.......................................................................................................................................

(ब) 'चुपचाप शब्द है –(सही विकल्प चुनकर लिखिए) (2 अंक)

(i) सामासिक (ii) क्रिया (iii) तत्सम (iv) भाव वाचक संज्ञा

उत्तर .......................................................................................................................................

(स) गद्यांश से उर्दू के दो शब्द छाँटिए। ( 2 अंक)

उत्तर (i)....................................................................(ii).................................................................

प्रश्न 12 निम्नांकित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए। (2 ×3= 6अंक)

(i) घोड़ा सुंदर था। (वर्तमान काल)

उत्तर .......................................................................................................................................

(ii) वहां तुम्हारा कौन है ? (भूतकाल)

उत्तर .......................................................................................................................................

(ii) घोड़ा हिनहिना रहा है। (भविष्य काल)

उत्तर .......................................................................................................................................

**प्रश्न 13** तुम प्रिया हो। परीक्षा होने वाली है। तुम्हारी तबियत अचानक खराब हो गई है। डॉक्टर ने तुम्हें आराम के लिए कहा है। तुम्हारा मित्र टिंकू रोज़ शाला में हो रही पढ़ाई की जानकारी देने तुम्हारे घर आता है। अब तुम्हें पढ़ाई की ज्यादा चिन्ता नहीं है। तुम आराम से परीक्षा देती हो। आखिरी दिन तुम्हारी मुलाकात टिंकू से नहीं हो पाती। तुम उसे धन्यवाद कहना चाहती हो। दी गई जानकारी को ध्यान में रखते हुए टिंकू को धन्यवाद देते हुए पत्र लिखिए। (8 अंक)

(नए विचार 02 अंक, क्रमबद्धता, तारतम्यता 02 अंक, वाक्य संरचना 02 अंक, वर्तनी विराम चिह्न शुद्धता 02 अंक)

उत्तर ..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

**प्रश्न 14** दिए गए चित्र के आधार पर 8 वाक्य लिखिए। (8 अंक)



उत्तर ........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

**प्रश्न 15.** निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 10 वाक्य लिखिए। (10 अंक)

(i) मेरा घर

(ii) माँ

(iii) शालेय स्वच्छता

(iv) मेरी पंसदीदा खेल

'अथवा '

नीचे लिखे शब्दों का प्रयोग करते हुए एक छोटी–सी कहानी लिखए।

(भाई, खिलौना, पुस्तक, खेल, दादी, गाँव, तालाब, तितली, शाम, मज़ा)

उत्तर ..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................